संख्या–**cm-563**
**15/12/2025**

# 1283 आयुष चिकित्सकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 15 दिसम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 1283 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों (आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक एवं यूनानी) के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 10 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन नवनियुक्त 1283 आयुष चिकित्सकों में 685 आयुर्वेदिक, 393 होमियोपैथिक एवं 205 यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

ज्ञातव्य है कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु 1283 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। चयन प्रक्रिया के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये इच्छित जिलों के अनुरूप मेधासूची एवं रिक्ति उपलब्धता के आधार पर राज्य के सभी 38 जिलों के विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों में इनका पदस्थापन किया गया है। इन सभी नवनियुक्त 1283 आयुष चिकित्सकों को 'राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम' अंतर्गत संचालित 'चलंत चिकित्सा दल' एवं आयुष चिकित्सा सेवा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में ओ0पी0डी0 (**Outpatient Department**) संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित अन्य कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु विभिन्न चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित किया जा रहा है। इससे विद्यालयों में बच्चों की स्वास्थ्य जाँच एवं स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकेगी। इन नवचयनित आयुष चिकित्सकों के संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापन के पश्चात् स्कूली बच्चों की ससमय स्वास्थ्य जाँच कर बीमारी की पहचान एवं उपचार करने में काफी सुविधा होगी। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था और ज्यादा बेहतर होगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ0 नीलेश रामचन्द्र देवरे, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री अमित कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव श्री हिमांशु शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******